email : gbcdidwana1@gmail.com

**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT BANGUR COLLEGE, DIDWANA**

***Average number of sports and cultural programs in which students of the Institution participated during last five years (organised by the institution/other institutions)***

- List of events/competitions

A. Inter Collegiate Compititions of M.D.S.U Ajmer

1. Kabaddi 2. Basket Ball 3. Cricket 4. Foot Ball 5. Soft Ball 6. Hand Ball 7. Badminton 8. Tennis 9. Table Tennis 10. Volly Ball 11. Atheletics 12. Weight Lifting 13. Boxing 14. Debate

B. National Event – NDBD ( Debate Compitition)

National Saminer by PG Geology Council

C. College Level – Inter Faculty Sports Compeititon. Woman Cell Compititons, Solo Dance Compititon, Group Dance, Solo Song, Group Song, Fancy Dress etc.

D. District Level – In 2019-20 College Organize **ARJUN SHAKTI** Sports Compitition .

To promote participation of students in extracurricular and co- curricular activities such as sports, games, Quiz competitions, debate and cultural activities **Annual cultural Program '*PANIHAARI*'** etc. in the college various committees are constituted. All these are yearlong activities. The women cell and student union organize the cultural competitions.

Sports & Games is one of the oldest departments of the college. But unfortunately the post of PTI is vacant since 1998. Games and sports are important for recreation and fitness of the health. Students learn and understand the value of discipline, cooperation, team work spirit and desire to perform by participating in Games and sports. In spite of vacant post of PTI for long period of time students of this college are performing well at university level and maintain its glorious history. The college has facilities for indoor as well as outdoor sports, the indoor games include chess, carrom and table tennis while the outdoor games played are cricket, football, tennis, basket ball, volley ball, handball and kabbadi. Many athletic activities are also a preferred sport of the students of this college. The students participate at different levels beginning from inter - class followed by inter - college, state level, inter-university and reach up to national level. Some of the regular activities of this department are as follows-

- Each year **Inter Faculty Tournaments** are held to groom the players at college level and the selected players are sent to play inter collegiate tournaments of MDS University, Ajmer.

Scanned with CamScanner

- In Cricket, Basket Ball, Handball, Kabbadi, Football, Tennis, Badminton, Table tennis, Volley Ball and Athletics College team participating in inter collegiate tournaments in past few years and performed well over the years.
- Outstanding players are sent for selections trials of MDS University, Ajmer.

**NSS** - Presently the college is running 3 units of **NSS** of which one is for girls and other two are for boys students. Volunteers from every unit are committed and dedicated towards different activities specially focusing upon social issues and internalize the NSS Motto - **"Not Me but You."**

**Rovers** - Rovers activities are presently operating in this institute with an aim to explore the full potential of the youth, may it be physical, intellectual, social or spiritual.

**NCC** - National Cadet Corps (NCC) is a voluntary organization which recruits cadets, gives them basic military training and students having this qualification are given preference over normal ones during selections in Military, Paramilitary, Police Services and many other Security positions based on achievements. The NCC Unit of the college comprises of Company with 160 cadets. The complete course tenure this year onwards is three years and students based on their participation are given 'B' and 'C' 'Certificates.

Science/Commerce/Art's faculty associations and PG associations are constituted for academic interactions and to promote scientific temperament, logical skills awareness for the higher education and employability in the various fields; under supervision of respective faculty members.

Science Associations Conducted Various Activities Like Quiz, Essay, Poster Competitions. Geological PG Council Conducted National Seminar.

Principal
Govt. Bangur College, Didwana

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951

**राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना (राजस्थान)**

क्रमांक/बाकाडी/रावा/2019/

दिनांक 31.10.2019

# समाचार प्रकाशनार्थ

महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। एक भारत श्रेष्ट भारत की थीम के तहत सर्वप्रथम "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन हुआ तत्पश्चात महाविद्यालय सभागार में प्राचार्य प्रो. सी.एस. डोटासरा व राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक प्रो. चैनाराम मुंदलिया के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. किरण देशवाल, डॉ. मगनलाल ढाका, प्रो. अविनाश अग्रवाल, अमराराम, कनिका रामावत, हंसराज पाण्डर, संतोष, ज्योति ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्राचार्य डोटासरा ने सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण में योगदान को बताया कि उनके कारण ही आज हम एक विशाल भारत को देख रहे है तत्कालीन रियासतों का एकीकरण आसान कार्य नहीं था लेकिन लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दूरदर्शिता व सूझबूझ से इस समस्या का हल करते हुए विशाल भारत का सपना साकार करने में योगदान किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजली दी गई व देशहित में उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. चेनाराम महला ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी - एनएसएस
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

राजस्थान पत्रिका
patrika.com
नागौर, रविवार, 20 अक्टूबर 2019 | 05

# बांगड़ कॉलेज में एक दिवसीय शिविर



डीडवाना. कॉलेज परिसर में श्रमदान करते विद्यार्थी।

डीडवाना. शहर में संचालित बांगड़ राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चैनाराम महला ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लेते हुए श्रमदान किया। इसके तहत मुख्यद्वार से विवेकानन्द वाटिका, रसायन विज्ञान वाटिका में सफाई कार्य किया गया। इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मगनलाल ढाका के निर्देशन में बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवक अमराराम, विमला गावड़िया, कनिका रामावत सहित अन्य ने अपने अनुभव साझा किए। स्वयंसेवक धर्मेन्द्र विजारणियां ने 'अस्वच्छता बनी है रावण तो हम राम का अवतार हों' कविता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अन्त में तृतीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण देशवाल की पहल पर स्वयंसेवकों को प्राचार्य प्रो. चतर सिंह डोटासरा ने इको फ्रेंडली दीपावली मनाने के लिए शपथ दिलवाई गई।

राजस्थान केसरी
20 अक्तूबर, 2019, रविवार

पहली नजर



डीडवाना बांगड़ महाविद्यालय में एनएसएस के एक दिवसीय शिविर के दौरान एक साथ विद्यार्थी।

## स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

डीडवाना,(निर्मल सर्राफ): जिले के सबसे बड़े राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शनिवार को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.चैनाराम महला ने बताया कि आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। श्रमदान के तहत सर्वप्रथम मुख्यद्वार से लेकर विवेकानन्द वाटिका, रसायन विज्ञान वाटिका में सफाई की। तत्पश्चात इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मगनलाल ढाका के मार्गदर्शन में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवक अमराराम, विमला गावड़िया, कनिका रामावत आदि ने अपने अनुभव बताए व स्वयंसेवक धर्मेन्द्र बिजारणियां ने 'अस्वच्छता बनी है रावण तो हम राम का अवतार हों' कविता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।

दैनिक नवज्योति
बढ़ना है तो पढ़ना है

डीडवाना। राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना



की ओर से शनिवार को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चैनाराम महला ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। श्रमदान के तहत सर्वप्रथम मुख्यद्वार से लेकर विवेकानन्द वाटिका, रसायन विज्ञान वाटिका में सफाई की। तत्पश्चात इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मगनलाल ढाका के मार्गदर्शन में बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ, जिसमें स्वयंसेवक अमराराम, विमला गावड़िया, कनिका रामावत आदि ने अपने अनुभव बताए। स्वयंसेवक धर्मेन्द्र बिजारणियां ने 'अस्वच्छता बनी है रावण तो हम राम का अवतार हो' कविता से स्वच्छता का संदेश दिया। अन्त में तृतीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण देशवाल की पहल पर स्वयंसेवकों को प्राचार्य प्रो. चतर सिंह डोटासरा ने इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की शपथ दिलवाई गई।

Scanned with CamScanner

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने लगाई दौड़












...अ सर्विस/न्यूज़ ज्योति, नागौर

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर ...वार सुबह जिला मुख्यालय पर रन फ... यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें ...लिस के जवानों, खिलाड़ियों एवं छात्रों ... उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला ...लेक्टर दिनेश कुमार यादव ने सरदार ...ल्लभभाई पटेल के 144वें जन्म दिवस ...व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की ...ण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए दौड ...हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को एकता ...की शपथ दिलाई और इसके उपरांत हरी ...झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। ...जिला प्रशासन एवं नगर परिषद नागौर ...की ओर से आयोजित करीब 3 किलोमीटर ...की यह एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) ...कलेक्ट्रेट से रवाना होकर मानासर होते ...हुए जिला स्टेडियम पहुंचकर पूरी हुई। ...दौड़ के समापन पर अतिरिक्त पुलिस ...अधीक्षक राम कुमार कस्वा ने प्रतिभागियों ...को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ...अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश सांनी ...ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन ...जिला खेल अधिकारी भंवर सियाग ने किया। ...एकता दौड़ में जिला स्तरीय अधिकारीगण, ...पुलिस के अधिकारी एवं जवान, खिलाड़ी ...व छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इसके बाद ...कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर दिनेश ...कुमार यादव द्वारा अधिकारियों एवं कार्मिकों ...को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। जिला ...स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय कार्यालयों में भी ...अधिकारियों एवं कार्मिकों ने एकता की ...शपथ ली।

## राष्ट्रीय एकता पर संगोष्ठी

...जिला परिषद सभागार में राष्ट्रीय एकता ...पर आधारित संयुक्त संगोष्ठी का आयोजन ...किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी ...अधिकारी जवाहर चौधरी ने कहा कि ...सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौहपुरुष ...के तौर पर आम जनमानस में सदैव याद रखा जाएगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के सामने ज्वलंत प्रश्न था कि छोटी-बड़ी 562 रियासतों को कैसे समाहित किया जाए। इस जटिल कार्य को सरदार पटेल ने निहायत सादगी तथा शालीनता से सुलझाया।

इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी केडट्स, स्काउट्स व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में खेल अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, नगर परिषद, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस जवानों ने किया मार्च पास्ट

नागौर जिला पुलिस के जवानों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट से पुराने राजकीय चिकित्सालय तक मार्च पास्ट किया। जिला कलक्टर दिनेश कुमार यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ विकास पाठक ने मार्च पास्ट को रवाना किया।

**कुचामन सिटी।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर कुचामन महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के स्वयं सेवक स्वयं सेविकाओं द्वारा विभिन्न कार्याक्रमों का आयोजन किया गया।

इकाई प्रभारी डॉ. रणसिंह चौधरी ने बताया कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस की 144 वीं जयन्ती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। डॉ. रूपचन्द भाटी व ओमप्रकाश चोयल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। रन फॉर यूनिटी को प्राचार्य प्रो. यू.एस.एस. श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया, जिसमें व्याख्याता चन्द्रप्रकाश माली, अमित सेवदा, कमल जैसवार, अंतिमा अग्रवाल, पूजा शर्मा, रजनी दायमा, मिनाक्षी मेवाड़ा, इरशाद अहमद, संजय शर्मा, अशोक गर्ग, सुरेन्द्र कुमावत, चिरंजीलाल, विक्रम स्वामी, सुरेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों के साथ हिस्सा लेकर उत्साहवर्द्धन किया।

**डीडवाना।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम के तहत सर्वप्रथम 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन हुआ इसके बाद प्राचार्य प्रो. सी.एस. डोटासरा व राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक प्रो. चैनाराम मुंदलिया के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. किरण देशवाल, डॉ. मगनलाल ढाका, प्रो. अविनाश अग्रवाल, अमराराम, कनिका रामावत, हंसराज पाण्डर, संतोष, ज्योति ने अपने विचार रखे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनको भी श्रद्धांजलि दी गई। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. चैनाराम महला ने किया।



कुचामनसिटी। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते लॉयन सदस्य।

-हेमराज पारीक

## लॉयन्स क्लब फोर्ट ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**कुचामनसिटी।** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने राष्ट्रीय एकता दिवस प्रताप नगर कच्ची बस्ती स्थित स्कूल में मनाया। क्लब अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, कोषाध्यक्ष लॉयन पवन साम्भरवाला, लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, शिक्षक रामकुंवार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर को माला पहनाकर नमन किया। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। शिक्षक रामकुंवार ने पटेल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

Scanned with CamScanner

दै. भास्कर

शनिवार 09 नवंबर, 2019 | 16

## एक भारत- श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर संवाददाता| डीडवाना

स्थानीय बांगड़ कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत केन्द्र सरकार की पहल पर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर राजस्थान के पेयरिंग स्टेट आसाम राज्य की जानकारी के लिए आसाम को जानों विषय पर व्याख्यान का आयीजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. चेनाराम महला ने आसाम राज्य व एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र की एकता मे वृद्धि होती है। आसाम जहां विश्व प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर व काजीरंगा नेशलन पार्क स्थित है। स्वयंसेवक पंकज शर्मा ने अपनी आसाम यात्रा के अनुभव बताते हुए आसाम की संस्कृति के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. किरण देशवाल ने बताया कि राष्ट्र की एकता के दृष्टिकोण से हर राज्य की संस्कृति के बारे में हमें जानकारी होनी चाहिए।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, शनिवार, 9 नवम्बर 2019

## 'आसान को जानो विषय' पर व्याख्यान

**डीडवाना।** राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में केन्द्र सरकार की पहल पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम पर राजस्थान के पेयरिंग स्टेट आसाम राज्य की जानकारी के लिए 'आसान को जानो विषय' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी प्रो. चेनाराम महला ने आसाम राज्य व एक भारत श्रेष्ठ भारत योजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों से राष्ट्र की एकता मे वृद्धि होती है। आसाम पूर्वोत्तर का महत्वपूर्ण राज्य है, जहां प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर व काजीरंगा नेशलन पार्क स्थित है। स्वयंसेवक पंकज शर्मा ने अपनी आसाम यात्रा के अनुभव बताते हुए आसाम की संस्कृति के बारे में जानकरी देते हुए चाय के बागान, ब्रह्मपुत्र नदी व संसाधनों के बारे में बताया। इसके अलावा संचालन करते हुए डॉ. किरण देशवाल ने बताया कि राष्ट्र की एकता के दृष्टिकोण से हर राज्य की संस्कृति के बारे में हमें जानकारी होनी चाहिए, जिससे विविधता में एकता की भावना सार्थक हो सके।

2767 3008 3075

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951

# राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना (राजस्थान)

☎ 01580 220024
ghc_didwana@yahoo.com
ghcdidwana14@gmail.com

क्रमांक/बाक्ली/एवा/2019/

दिनांक 14.11.2019

## समाचार प्रकाशनार्थ

राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के तत्वावधान में महाविद्यालय में महात्मा गाँधी के 150वें जयन्ती वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 13 व 14 नवम्बर को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान "भारतीय संविधान की प्रस्तावना लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब है" विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम विजेता रोनक जांगिड़ व द्वितीय विजेता कनिका रामावत रही एवं "भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन (1857-1947)" विषय पर 'क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें पांच टीमों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. इरसाद अली खान, प्रो. जितेन्द्र सिंह बिका व प्रो. लालचन्द यादव शामिल रहे। क्विज प्रतियोगिता में भाग्यश्री व रोनक की टीम विजयी रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कनिका प्रथम व धर्मेन्द्र द्वितीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम का संचालन व मार्गदर्शन एन.एस.एस. अधिकारी प्रो. चेनाराम महलां व डॉ. किरण देशवाल ने किया। साथ ही विश्व मधुमेह दिवस पर लायन्स क्लब डीडवाना व एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मधुमेह जाँच शिविर का भी आयोजन महाविद्यालय में हुआ, जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सी.एस. डोटासरा सहित प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने मधुमेह की जांच करवाई।

(हस्ताक्षर)

प्राचार्य
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर


डीडवाना. बांगड़ कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रोफेसर।

डीडवाना | स्थानीय राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में सोमवार को अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य प्रो. सीएस डोटासरा ने विद्यार्थियों से मौलाना आजाद के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वहीं डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी व अरूण व्यास ने भी विचार रखे। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. चैनाराम महला ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कनिका रामावत ने प्रथम, रौनक जांगिड़ ने द्वितीय व पूनम चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. इरशाद अली खान, प्रो. सीआर मुंदलिया, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. अजय शर्मा, प्रो. अविनाश अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक नवज्योति






निबंध प्रतियोगिता में कनिका प्रथम

डीडवाना। राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को स्वतंत्रता सैनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य सीएस डोटासरा ने मौलाना आजाद के आदर्शों पर चलने की बात कही। डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी, डॉ. अरूण व्यास ने स्वतंत्रता सैनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद योगदान के बारे में बताते हुए देश के प्रथम शिक्षामंत्री के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने, यूजीसी, आईआईटी जैसी संस्थाओं की स्थापना में योगदान को याद किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. चैनाराम महला ने बताया कि इसके बाद शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण

Scanned with CamScanner

01580 [illegible]
gbc_didwana@yahoo.com
gbcdidwana@gmail.com

स्थापना : 1951 **कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना**

क्रमांक/वाकडी/एनएसएस/2019/ दिनांक 18.11.2019

प्रेषित:
श्रीमान राज्य समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना
जयपुर (राजस्थान)

विषय : 13–14 नवम्बर को आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महात्मा गांधीजी के 150 वें जयन्ती वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय बांगड. महाविद्यालय डीडवाना में दिनांक 13–14 नवम्बर को निबन्ध, क्विज व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके परिणाम निम्न प्रकार है।

| क. स. | प्रतियोगिता का नाम | प्रथम विजेता | द्वितीय विजेता |
|---|---|---|---|
| 1. | निबन्ध प्रतियोगिता (दिनांक 13.11.2019) | रौनक जांगिड पुत्री श्री रामावतार (बी.ए.भाग प्रथम) | कनिका रामावत पुत्री श्री रामस्वरूप (बी.ए.भाग प्रथम) |
| 2. | क्विज प्रतियोगिता (दिनांक 14.11.2019) | रौनक जांगिड पुत्री श्री रामावतार (बी.ए.भाग प्रथम), भाग्यश्री पुत्री श्री भगवानाराम (बी.ए.भाग प्रथम) | – |
| 3. | भाषण प्रतियोगिता (दिनांक 14.11.2019) | कनिका पुत्री श्री रामस्वरूप (बी.ए.भाग प्रथम) | धर्मेन्द्र पुत्र श्री भंवराराम (बी.ए. भाग द्वितीय) |

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय बांगड. महाविद्यालय डीडवाना

प्राचार्य
राजकीय बांगड. महाविद्यालय डीडवाना

क्रमांक :वाकाडी /स्था/ 2019/ 1362-65 दिनांक : 18.11.2019

प्रतिलिपि: सूचनार्थ व आवश्यक निर्देश प्रदान करने हेतु:

1. श्रीमान् जिला समन्वयक, एनएसएस।
2. श्रीमान प्राचार्य, बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर।
3. रक्षित पत्रावली।

प्राचार्य
राज. बांगड. महाविद्यालय डीडवाना

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

☎ 01580 220024
gbcdidwana1@gmail.com

क्रमांक/बाकाडी/रासे/2020/

दिनांक 20.01.2020

राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों द्वारा सत्र 2019–20 के द्वितीय तिमाही (01 अक्टुबर से 31 दिसम्बर, 2019 तक) में आयोजित विविध कार्यक्रम और गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है–

1. राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन (दिनांक 01.10.2019)
2. महात्मा गांधी जयंती का आयोजन (दिनांक 02.10.2019)
3. गाँधी जयन्ती के अवसर पर सात दिवसीय विशेष कार्यक्रम में निबन्ध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का अयोजन और रक्तदान कार्यक्रम में कुल 51 युनिट रक्तदान (दिनांक 25.09. 2019 से 02.10.2019)
4. प्रथम एक दिवसीय शिविर में महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं श्रमदान (दिनांक 19.10.2019)
5. राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी व शपथ का आयोजन (दिनांक 31.10.2019)
6. आसाम को जानो विषय पर व्याख्यान (दिनांक 08.11.2019)
7. राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर निबन्ध प्रतियोतिगता का आयोजन (दिनांक 11.11.2019)
8. गांधीजी की 150 वीं जयंती वर्ष पर भाषण, निबन्ध व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन (दिनांक 13 व 14 नवम्बर, 2019)
9. आसाम की संस्कृति एवं विरासत पर लघु फिल्म प्रदर्शन (दिनांक 23.11.2019)
10. कोमी एकता सप्ताह का आयोजन (19 से 25 नवम्बर, 2019)
11. द्वितीय एक दिवसीय शिविर में महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं श्रमदान (दिनांक 24.11.2019)
12. संविधान दिवस पर शपथ व संगोष्ठी का आयोजन (दिनांक 26.11.2019)
13. विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन (दिनांक 10.12.2019)
14. एन.एस.एस. के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन (दिनांक 22.12.2019 से 28.12.2019 तक)

मुख्य कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

प्राचार्य
राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

प्रतिलिपि :–

1. राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, शिक्षा विभाग, ग्रुप– 4 अ, सचिवालय, जयपुर
2. कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, कॉलेज आयुक्तालय, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
3. रक्षित पत्रावली।

प्राचार्य
राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951

राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना (राजस्थान)

क्रमांक/माकाडी/एवा/2019/ दिनांक 19.10.2019

# समाचार प्रकाशनार्थ

महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चैनाराम महला ने बताया कि आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें श्रमदान के तहत सर्वप्रथम मुख्यद्वार से लेकर विवेकानन्द वाटिका, रसायन विज्ञान वाटिका में सफाई की गई, तत्पश्चात इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मगनलाल ढाका के मार्गदर्शन में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवक अमराराम, विमला गावड़िया, कनिका रामावत आदि ने अपने अनुभव बताये व स्वयंसेवक धर्मेन्द्र बिजारणियां ने "अस्वच्छता बनी है रावण तो हम राम का अवतार हो" कविता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अन्त में तृतीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण देशवाल की पहल पर स्वयंसेवकों को प्राचार्य प्रो. चतर सिंह डोटासरा द्वारा इको फ्रेंडली दीपावली मनाने हेतु शपथ दिलवाई गई।

19/10/2019

कार्यक्रम अधिकारी - एनएसएस
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner